पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ,ग,) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)

(छ,ग, शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

www.pssou.ac.in E-mail-registar@pssou.ac.in

तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

(24- 26 अगस्त, 2017)

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर तथा केंद्रीय निदेशालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 24- 26 अगस्त, 2017 को ***"हिंदी के बहुप्रयुक्त रूप: वैज्ञानिकता एवं संभावनाएँ"*** विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह, तथा संयोजक डॉ. जयपाल प्रजापति, विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग थे। संगोष्ठी में देश के प्रसिद्ध साहित्यकार, समाजचिंतक, भाषाविद सहित कुल 125 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। संगोष्ठी के माध्यम से विभिन्न वक्ताओं ने हिंदी के बहुप्रयुक्त रूप: वैज्ञानिकता एवं संभावनाएँ के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके साथ संगोष्ठी में विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने शोध पत्रों का वाचन किया। इस संगोष्ठी का सफल आयोजन हिंदी भाषा के वर्तमान स्वरूप के परिपेक्ष्य में हिंदी के वैज्ञानिक स्वरूप को उदघाटित करता है।

04/09/2021

संयोजक